
# <u>प्रेस प्रकाशनी</u>

## स्कूल क्षेत्र में कौशल संवर्धन के लिए 'हस्तशिल्प' पर कौशल मॉड्यूल के लिए नई सीबीएसई छात्र हैंडबुक

26.6.21 नई दिल्ली




सीबीएसई ने हस्तशिल्प और कालीन क्षेत्र कौशल परिषद (एचसीएसएससी) के सहयोग से हाल ही में राजधानी में VI-VIII कक्षाओं के लिए 'हस्तशिल्प' पर कौशल मॉड्यूल के लिए छात्र हस्तपुस्तिका का विमोचन किया। इस प्रकाशन का विमोचन श्री मनोज आहूजा, आईएएस, अध्यक्ष, सीबीएसई द्वारा अध्यक्ष, एचसीएसएससी, निदेशक (कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण), सीबीएसई तथा सीईओ, एचसीएसएससी की उपस्थिति में किया गया। सीबीएसई 'हस्तशिल्प' को VI - VIII कक्षाओं में 12 घंटे की अवधि के एक कौशल मॉड्यूल के रूप में पेश करता है। 'हस्तशिल्प' पर यह कौशल मॉड्यूल व्यावहारिक गतिविधियों पर केंद्रित है और छात्रों को व्यावहारिक अधिगम अनुभव प्रदान करेगा। इस हैंडबुक में दो मॉड्यूल शामिल होंगे, पेपर मशै और फैशन ज्वैलरी।



इस अवसर पर बोलते हुए **श्री मनोज आहूजा, आईएएस, अध्यक्ष, सीबीएसई** ने कहा कि “मैं छात्रों के लिए इस हस्तपुस्तिका को विकसित करने हेतु HCSSC के शैक्षणिक विंग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करता हूं और आशा करता हूं कि यह मॉड्यूल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के बारे में जागरूकता पैदा करने में मदद करेगा जैसा कि NEP-2020 में भी परिकल्पित है। मुझे यह भी आशा है कि इस तरह के कोर्स युवावस्था में छात्रों में उद्यमशीलता का नजरिया निर्मित करने में सहायक होंगे।”

**श्री ओ.पी. प्रह्लादका, अध्यक्ष, एचसीएसएससी** ने आशा व्यक्त की कि ""हस्तशिल्प' पर यह मॉड्यूल छात्रों के बीच सौंदर्य संबंधी समझ, रचनात्मकता, योजना कौशल, समस्या समाधान कौशल और नवाचार का निर्माण करने में मदद करेगा।"

**श्री कृष्ण कुमार, सीईओ, एचसीएसएससी** ने कहा कि इस हस्तपुस्तिका में दी गई व्यावहारिक गतिविधियों में केवल पुनर्नवीकृत सामग्री का उपयोग किया गया है जिससे युवा छात्रों में स्वस्थ पर्यावरणीय आदतों को विकसित करने में मदद मिलेगी। इस कौशल मॉड्यूल को पढ़ाने के लिए आवश्यक सभी उपकरण और उपस्करों का स्कूल द्वारा आसानी से प्रापण किया जा सकता है और ये छात्रों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

**डॉ. बिस्वाजित साहा, निदेशक (कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण), सीबीएसई** द्वारा सूचित किया गया कि 700 से अधिक स्कूलों ने पहले ही इस मॉड्यूल को शुरू करने का विकल्प चुन लिया है और छात्रों को यह कौशल मॉड्यूल पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा।

'हस्तशिल्प' पर छात्रों की हस्तपुस्तिका/कार्यपुस्तिका शैक्षणिक यूनिट, सीबीएसई की वेबसाइट (http://cbseacademic.nic.in )पर उपलब्ध होगी।

**टीम सीबीएसई**